# Question Bank

# HINDI

## Std X

## अध्ययन-लक्ष्य

**1. आजकल हमारे जलस्रोतों का शोषण बहुत अधिक बढ़ रहा है।**

1.1 'मरी हुई इच्छाओं की तरह मछलियाँ क्यों उतराई हैं'– यहाँ नदी की कौन-सी इच्छा मरी हुई है?
(स्वच्छंद बहने की, कलुषित होने की, बाढ़ बनकर जीवियों का विनाश करने की)
*समय : एक मिनट / स्कोर : **1***

1.2 कविता में नदी शोषित का प्रतीक है, तो शोषक कौन हो सकता है?
(साबुन, मनुष्य, जानवर)
*समय : एक मिनट / स्कोर : **1***

1.3 'कारखानों के तेज़ाबी पेशाब' से क्या तात्पर्य है?
*समय : तीन मिनट / स्कोर : **2***

1.4 हिमालय के होते हुए भी नदी युद्ध हार गई – यहाँ कवि क्या इशारा करना चाहते हैं?
*समय : दस मिनट / स्कोर : **4***

1.5 आजकल नदियों का व्यापक प्रदूषण हो रहा है, इसके क्या-क्या कारण हो सकते हैं? इसके निवारण के लिए क्या-क्या कर सकते हैं? एक लघु लेख तैयार करें।
*समय : बारह मिनट / स्कोर : **5***

## अध्ययन-लक्ष्य

**2. प्रकृति के साथ मनुष्य का जितना ताल-मेल था उतना आज नहीं है।**

निम्नांकित कविता पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

फूलों को मत तोड़ो,
छिन्न जाएगी मेरी ममता
हरियाली को मत हरो,

हो जाएँगे मेरे चेहरे स्याह
मेरी बाँहों को मत काटो
बन जाऊँगा मैं अपंग
मत छाँटो मेरे सपने
मेरी खुशियाँ लुट जाएगी।
*(स्याह-काला; अपंग-विकलांग)*

2.1 कवितांश में पेड़ किससे शिकायत कर रहा है?
(प्रकृति से, मनुष्य से, सरकार से)

*समय : दो मिनट / स्कोर :* ***1***

2.2 पेड़ का दुःख क्या है?

*समय : पाँच मिनट / स्कोर :* ***3***

2.3 कवितांश की आस्वादन-टिप्पणी लिखें।
*सहायक बिंदु :* भूमिका, भावविश्लेषण, भाषा, प्रासंगिकता..

*समय : बारह मिनट / स्कोर :* ***4***

## अध्ययन-लक्ष्य

### 3. मनुष्य का स्वार्थ सहजीवियों के विनाश का कारण बन जाता है।

3.1 ग्वाला के संबंध में महादेवीजी का संदेह विश्वास में बदल गया। क्योंकि –

- ग्वाला पुनः दूध बेचने लगा।
- ग्वाला अंतर्धान हो गया।
- गौरा दाना-चारा कम खाने लगा।

*समय : एक मिनट / स्कोर :* ***1***

3.2 'कुत्ते-बिल्ली गौरा के पेट के नीचे और पैरों के बीच में खेलने लगे' – यहाँ जीव-जंतुओं की किस भावना की ओर इशारा है?
(विद्वेष, भाईचारा, ममता)

*समय : एक मिनट / स्कोर :* ***1***

3.3 गाय व हिरण के नेत्रों में प्रतिफलित भावों की तुलना कीजिए। 'गौरा' पाठभाग के आधार पर इस पर टिप्पणी लिखिए।

*समय : पाँच मिनट / स्कोर : **3***

3.4 'दूधो नहाओ' का आशीर्वाद महादेवी के घर में कैसे प्रतिफलित होने लगा?

*समय : दस मिनट / स्कोर : **4***

3.5
- कुछ लोग गाय को अपने घर का सदस्य मानते हैं।
- कुछ लोग सिर्फ लाभ के लिए गाय को पालते हैं।
- 'गौरा' पाठभाग में चित्रित ग्वाला जैसे लोग अपने स्वार्थ के लिए गाय को मारते हैं।

– इन तीन प्रसंगों पर अपनी राय प्रकट कीजिए।

*समय : बारह मिनट / स्कोर : **5***

3.6 यदि दीर्घ-निश्वास का शब्दों में अनुवाद हो सके तो उसकी प्रतिध्वनि कहेगी, 'आह! मेरा गोपालक देश' – यहाँ महादेवीजी का व्यंग्य किस ओर है?

*समय : बारह मिनट / स्कोर : **5***

## <u>अध्ययन-लक्ष्य</u>

### 4. वार्तालाप तैयार करने की क्षमता प्राप्त करना।

4.1 गौरा की मृत्यु के बाद एक दिन महादेवी वर्मा की मुलाकात ग्वाला से होती है। उन दोनों के बीच हुए संभावित वार्तालाप कल्पना करके लिखें।

*समय : पंद्रह मिनट / स्कोर : **5***

## <u>अध्ययन-लक्ष्य</u>

### 5. मनुष्य प्रकृति के जीव-जंतुओं और प्राणियों को सताता है, यहाँ तक कि उनकी लाश को भी नहीं छोड़ता।

5.1 हाथी गाँव के खेत और घर बरबाद कर डाला। क्यों?
(मनुष्य उनका दुश्मन था, मनुष्य ने उनका घर उजाड़ दिया, मनुष्य ने उन्हें चुनौती दी)

*समय : एक मिनट / स्कोर : **1***

5.2 हाथी के साथियों की प्रवृत्ति हमें क्या सिखाती है?

*समय : छह मिनट / स्कोर :* ***4***

## अध्ययन-लक्ष्य

**6. किसी समकालीन कविता की भाषिक संरचना, प्रतीक, बिंब आदि का परिचय पाना तथा आस्वादन-टिप्पणी लिखने की क्षमता प्राप्त करना।**

6.1 निम्नलिखित कविता पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर दें।

वह कुआँ
प्यास बुझाता रहा था जाने कब से
बरसों से
लेकिन प्यास उसने तब जानी थी जब
यकायक बंद हो गया जल-सतह तक
प्यास बुझाने को प्यासा
प्रतीक्षा करता रहा था कुआँ, महीनों
तब कभी एक प्लास्टिक की खाली बोतल
आकर गिरी थी
पानी पीकर फेंकी गई एक प्लास्टिक बोतल।
एक गहरा-सा कूड़ादान है अब वह कुआँ
अगर तुम दो पल उस कुएँ के पास खड़े होओ चुप
उसकी प्यास सिसकी की तरह सुनी जा सकती है।
*(ज्ञानेंद्रपति)*

6.1.1 कुएँ का धर्म क्या है?
(प्यास बुझाना, प्यासा रहना, कूड़ादान बनकर जीना)

*समय : दो मिनट / स्कोर :* ***1***

6.1.2 'प्यास उसने तब जानी थी' – कुएँ ने प्यास कब जानी?
(जब कुएँ का पानी सूख गया, जब प्लास्टिक की बोतल गिरी, जब वह कूड़ादान बना)

*समय : दो मिनट / स्कोर :* ***1***

6.1.3 कुआँ किसके लिए प्यासा है?
(प्लास्टिक की बोतल के लिए, दूसरों का प्यास बुझाने के लिए, रोने के लिए)

*समय : दो मिनट / स्कोर :* ***1***

6.1.4 'प्रतीक्षा करता रहा कुआँ' – कुआँ क्या प्रतीक्षा कर रहा था?
(जल से भर जाने की, सूख जाने की, कलुषित होने की)

*समय : दो मिनट / स्कोर :* ***1***

6.1.5 प्लास्टिक बोतल किसका प्रतीक है?
(पानी का, प्रदूषण का, प्यास का)

*समय : दो मिनट / स्कोर :* ***1***

6.1.6 कविता की आस्वादन-टिप्पणी लिखिए।

*समय : बारह मिनट / स्कोर :* ***5***

6.2 निम्नांकित कविता पढ़ें।

मैं सदा ही निस्वार्थ अर्पण करता रहा
अपना सर्वस्व तुम्हें और
पल-पल बिखेरता रहा हरियाली
तुम्हारे जीवन की हर पग पर और
सँवारता रहा इस धरा को
किसी सुहागिन की माँग की तरह
परंतु क्या हो गया है तुम्हें
किस कारण तुले हो
मेरे मूल को नष्ट करने

*(हरीश नारंग)*

(बिखेरना-പരത്തുക; सँवारना-അലങ്കരിക്കുക)

6.2.1 पेड़ों ने मनुष्य की क्या-क्या सेवाएँ कीं?

*समय : तीन मिनट / स्कोर :* ***2***

6.2.2 मनुष्य ने पेड़ के साथ कैसा व्यवहार किया?
(पेड़ को सींचा गया, पेड़ के मूल को नष्ट किया गया, पेड़ के सामने भीख माँगा गया)

*समय : दो मिनट / स्कोर :* ***1***

6.2.3 इस कविता की आस्वादन-टिप्पणी लिखिए।

*समय : आठ मिनट / स्कोर :* ***4***

## अध्ययन-लक्ष्य

### 7. चिकित्सा के क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचारों से परिचय पाना।

7.1 बाबूलाल तेली की नाक कट जाने में कौन जिम्मेदार है?
(लालूराम तेली, दफ़्तर के सहकर्मी, बलिष्ठ व्यक्ति)

*समय : एक मिनट / स्कोर :* ***1***

7.2 'शुक्र है उसने मेरी नाक पर ही घूँसा मारा'। अगर बलिष्ठ व्यक्ति बाबूलाल तेली के शरीर के किसी और अंग पर घूँसा मारा होता तो क्या होता?

*समय : दस मिनट / स्कोर :* ***4***

## अध्ययन-लक्ष्य

### 8. हिंदी व मातृभाषा के समध्वनीय शब्द, लिंग, विशेषण, योजक, वर्तमान व भविष्यतकालीन क्रियाओं का प्रयोग आदि का परिचय पाना।

8.1 उचित योजकों का प्रयोग करके वाक्यों को मिलाएँ।

8.1.1 मैं ने काफ़ी देर उसकी प्रतीक्षा की। वह नहीं आया।

8.1.2 मैं सो नहीं सका। बाहर बड़ा शोर था।

8.1.3 मनुष्य ने जंगल काटा। हाथी गाँव में घुसने लगे।

8.1.4 पिताजी ने समझाया। कर्म करने से ही फल मिलता है।

| |
|---|
| कि |
| क्योंकि |
| इसलिए |
| लेकिन |

*समय : सात मिनट / स्कोर :* ***4***

8.2 उचित योजकों का प्रयोग करके खंड का पुनर्लेखन करें।

(ताकि, इसलिए, कि, और, क्योंकि)

मैं दो दिन से स्कूल नहीं जा सका ........... मुझे बुखार थी। परसों परीक्षाएँ शुरू होंगी, ........... कल ज़रूर जाना पड़ेगा। मेरे दोस्त ने कहा ........... जो परीक्षा नहीं लिखेगा उनके नाम लिख लिए जाएँगे। मैं कल ही मेडिकल प्रमाणपत्र पेश करूँगा ........... बाद में परेशानी न हो।

*समय : दस मिनट / स्कोर :* ***2***

8.3 संशोधन करें।

अमोल स्कूल जा रहा था। वह को एक पुस्तक खरीदना था। वह अपने दोस्त सुनील को साथ लेकर चली। रास्ते में दुकान थी। उसने पुस्तक खरीदा। दुकानदार ने पैसा माँगी। वह के पास पैसे नहीं थे।

*समय : दस मिनट / स्कोर :* ***3***

8.4 निम्नांकित वाक्यों का संशोधन करके वाक्यों का पुनर्लेखन करें।

उसका बेटी दसवाँ कक्षा में पढ़ते हैं। वह को आज हिंदी परीक्षा है। वह अपनी सहेली के साथ स्कूल गया। दोनों बहुत खुश था।

*समय : सात मिनट / स्कोर :* ***3***

8.5 संशोधन करें।

दिनेश जल्दी-जल्दी चल रहे हैं। स्कूल में असेंबली हो रही हूँगी। रोज़ वह नौ बजे स्कूल पहुँचता हो। आज काफी देर हो गई। राजेश मास्टर उसे डाँट रहे होगे, उसने सोचा। असेंबली में उसके स्थान पर कोई और भाषण दे रहा होंगे। स्कूल के आँगन पहुँचने पर उसने देखा कि बच्चे प्रार्थना गीत गा रहा है।

*समय : पाँच मिनट / स्कोर :* ***3***

8.6 रेखांकित क्रिया पदों का संशोधन करें।

रमा फूल ला रहे होगे। वह फूल को भगवान के चित्र पर चढ़ाएगा। उसके बाद दादाजी पूजा करोगे। हम सब उसमें भाग लेगा।

*समय : चार मिनट / स्कोर :* ***2***

8.7 संशोधन करके लिखें।

कल पिताजी दिल्ली से आओगे। रोहित बड़ा प्रसन्न था। कल वे क्या-क्या लाएगा। 'मेरे लिए रंगीन चित्रोंवाली किताब तो ज़रूर लाऊँगा' – रोहित ने सोचा। बहन के लिए शायद

गुड़िया लाकर <u>देगा</u>। पिताजी को साथ लेकर इधर किसी दुकान से नए जूते <u>खरीदूँगी</u>। पर जब वे परीक्षा में मिले अंक के बारे में पूछेगा तो मैं क्या जवाब <u>दोगी</u>।

*समय : सात मिनट / स्कोर : **3***

8.8 रेखांकित क्रियापदों का संशोधन करें।

8.8.1 कृष्णा आज स्कूल नहीं <u>आओगी</u> क्योंकि आज वह अपने पिता के साथ मदुरै <u>जा रहा हो</u>।

*समय : दो मिनट / स्कोर : **1***

8.8.2 वह <u>समझ रहे होगे</u> कि मैं कल वहाँ <u>पहुँचोगे</u>।

*समय : दो मिनट / स्कोर : **1***

8.8.3 कल हम पिकनिक पर <u>चलेगा</u>। हमारे साथ अध्यापक भी <u>हूँगा</u>। नितिन शायद नहीं <u>आओगे</u>। हम सुबह सात बजे स्कूल से <u>निकलेगा</u>।

*समय : चार मिनट / स्कोर : **2***

8.9 विशेष्य के पहले विशेषण का प्रयोग करके खंड का विस्तार करें।

8.9.1 उनके पास / किताबें हैं। उनके घर में ही एक / पुस्तकालय है। स्कूल के छात्रों को वह / किताबें देते हैं। छोटे बच्चों के लिए उनके पास / पुस्तकें हैं।

*समय : चार मिनट / स्कोर : **2***

8.9.2 उचित स्थान पर विशेषण शब्द रखकर खंड का पुनर्लेखन करें।

उस दुकान में / कपड़े मिलते हैं। इसलिए कमला और वनजा वहाँ गईं। सोचा एक / साड़ी खरीदे। पर वहाँ बहुत ही / साड़ियाँ थीं। इसलिए दोनों ने पास की एक दुकान से / साड़ी खरीदी।

*समय : चार मिनट / स्कोर : **2***

8.9.3 उचित विशेषणों का प्रयोग कर खंड का विस्तार करें।

मैं एक / घर में रहता हूँ। मेरे घर के आगे एक / बगीचा है। बगीचे में / फूल हैं। बगीचे के बगल में एक / तालाब भी है।

*समय : चार मिनट / स्कोर : **2***

8.10 संशोधन करके लिखें।

संजीव की बेटा राहुल मेरे बेटी के साथ पढ़ता है। संजीव मुझे दोस्त है। हमके घर एक ही कॉलनी में है।

*समय : चार मिनट / स्कोर :* ***2***

## अध्ययन-लक्ष्य

**9. व्यंग्य कहानी में प्रयुक्त मुहावरेदार भाषा-शैली प्रयोग आदि से परिचय पाना।**

9.1 मिलान कीजिए।

| | | |
|---|---|---|
| नाक रगड़ना | - | बेइज्जत करना |
| नाक ऊँची होना | - | नाराज़ होना |
| नाक चढ़ाना | - | बिनती करना |
| नाक काटना | - | यशस्वी होना |

*समय : दो मिनट / स्कोर :* ***2***

## अध्ययन-लक्ष्य

**10. वार्तालाप और रपट तैयार करने की क्षमता प्राप्त करना।**

10.1 खंड पढ़ें और निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर लिखें।

वह एक धीर, निडर एवं साहसी सैनिक था। अपने देश की सेना का नेतृत्व करनेवाला सेनानायक। उन दिनों दुश्मन सेना के साथ उनका युद्ध चल रहा था। दोनों सेनाओं में काफी विनाश हो चुका था। फिर भी सेनानायक निडर होकर अपनी सेना का नेतृत्व कर रहा था। हर दिन युद्ध समाप्त होने के बाद सब अपने-अपने डेरे (tent) में जाया करते थे। सेनानायक का निर्देश था कि कोई उसे तंग न करे क्योंकि शाम को वह भगवान की पूजा करेगा। रात को सैनिकों ने देखा कि सेनानायक कहीं जा रहा है। सैनिकों ने चुपचाप उनका पीछा किया। उन्होंने देखा कि सेनानायक युद्ध के मैदान में घायल पड़े सैनिकों की सेवा कर रहा है, घावों में पट्टी बाँध रहा है और दवा लगा रहा है। आश्चर्य की बात यह थी कि उनमें शत्रु पक्ष के घायल सैनिक भी थे। सैनिकों के पूछने पर सेनानायक ने कहा कि घायलों की सेवा करते समय शत्रु और मित्र का भेद-भाव न दिखाएँ। इनकी सेवा ही मेरे लिए भगवान की पूजा है।

(निडर-निर्भय; घायल-wounded;മുറിവേറ്റ)

10.1.1 सेनानायक के लिए पूजा का मतलब क्या था?

*समय : एक मिनट / स्कोर : **1***

10.1.2 सेनानायक की चरित्रगत विशेषताओं पर प्रकाश डालें।

*समय : चार मिनट / स्कोर : **3***

10.1.3 सेनानायक और सैनिकों के बीच के संभावित वार्तालाप लिखें।

*समय : छह मिनट / स्कोर : **4***

10.1.4 सेनानायक की इस सेवा भावना का उल्लेख करते हुए एक रपट तैयार करें।

**मानव सेवा, माधव सेवा**

*समय : दस मिनट / स्कोर : **4***

10.1.5 मातृभाषा में अनुवाद करें।

रात को सैनिकों ने देखा कि सेनानायक कहीं जा रहा है। सैनिकों ने चुपचाप उनका पीछा किया। उन्होंने देखा कि सेनानायक युद्ध के मैदान में घायल पड़े सैनिकों की सेवा कर रहा है, घावों में पट्टी बाँध रहा है और दवा लगा रहा है।

*समय : सात मिनट / स्कोर : **3***

## अध्ययन-लक्ष्य

**11. समकालीन समस्या पर आधारित संपादकीय की भाषा-शैली से परिचय पाना।**

यह खंड पढ़ें।

कानून सब की मदद करने के लिए है। पर वही कानून किसी का हत्यारा बन गया तो हम क्या करेंगे? कण्णूर मुषप्पिलङ्ङाड गाँव की स्नेहा का जीवन कानून के हाथों खतम हो गया।

स्नेहा के दोनों गुर्दे (kidney) खराब थे। उसे गुर्दा देने के लिए एक औरत तैयार हो गई थी। पर गुर्दा अंतरण करने केलिए देनेवाले को (doner) कई कागज़ात प्रस्तुत करना है। उसमें हुई देरी के कारण गुर्दा अंतरण नहीं हो पाया। स्नेहा सबको छोड़कर इस दुनिया से चली गई। (अंतरण-transfer; कागज़ात-papers)

11.1 कानून के ऐसे बंधनों पर एक संपादकीय तैयार करें।

*समय : बारह मिनट / स्कोर : **4***

11.2 मनुष्य प्रकृति एवं जीव-जंतुओं का विनाश करता है। चाहे पालतू जानवर हो या जंगली जानवर, मनुष्य की हिंसात्मक प्रवृत्ति के कारण सब का विनाश हो रहा है।

– इस विषय पर एक संपादकीय तैयार करें।

*समय : बारह मिनट / स्कोर : **4***

11.3 केरल की संस्कृति का प्रतीक भारतप्पुषा आज सूखा पड़ा है। इस नदी को बचाने का श्रम काफी किया गया। पर वह अपना वैभव पुनः पा नहीं सका।

– नदियों की ऐसी हालत पर एक संपादकीय तैयार करें।

*समय : बारह मिनट / स्कोर : **4***

## अध्ययन-लक्ष्य

### 12. रपट, वार्तालाप, पोस्टर, उद्घोषणा तथा घटना तैयार करने की क्षमता प्राप्त करना।

12.1 गाँधीजयंती के सिलसिले में सरकारी मोडल हाईस्कूल कवलयूर के छात्र-छात्राओं ने स्कूल के पास के मुंडेर कॉलनी की सफ़ाई की। कॉलनी में पानी न था। बच्चों ने दूर से पानी लाकर कॉलनी का हर घर साफ़ कर डाले।

12.1.1 कवलयूर स्कूल के छात्रों के सेवाभाव का वर्णन करनेवाली एक घटना तैयार करें।

*समय : दस मिनट / स्कोर : **4***

12.1.2 इस घटना का उल्लेख करते हुए एक रपट तैयार करें।

*समय : दस मिनट / स्कोर : **4***

12.1.3 कवलयूर स्कूल में आयोजित होनेवाले गाँधीजयंती समारोह की सूचना देने के लिए योग्य एक पोस्टर तैयार करें।

*समय : सात मिनट / स्कोर : **3***

12.1.4 गाँधीजयंती समारोह की सूचना देनेवाली एक उद्घोषणा तैयार करें।

*समय : सात मिनट / स्कोर : **3***

12.2 वी.एन.एम कॉलेज के बी.ए दूसरे वर्ष की छात्रा रजनी यकायक अंधी हो गई। आँखों की नसों में होनेवाली इस बीमारी की इलाज के लिए काफ़ी रुपए खर्च होंगे। रजनी के मित्रों ने चंदा इकट्ठा करके रजनी की इलाज करवाई। – इस खबर का वर्णन करते हुए घटना लिखें।

(चंदा इक्ट्ठा करना-പിരിവെടുക്കുക)

*समय : दस मिनट / स्कोर : 4*

12.2.1 रजनी की इलाज के लिए पैसे माँगते हुए अपनी बहन के नाम पत्र लिखें।

*समय : दस मिनट / स्कोर : 4*

## अध्ययन-लक्ष्य

### 13. वार्तालाप और डायरी तैयार करने की क्षमता प्राप्त करना।

13.1 यह खंड पढ़ें।

'बेटा यह रजाई लेकर छत पर सुखाने डाल दे।' जानकी बेटे राहुल से बार-बार विनती कर रही थी। पर राहुल मानने को तैयार नहीं था। पिछले दिनों आए बाढ़ से वह रजाई पूरी तरह भीग गई थी। रंग पूरा उतर गया था। इसलिए राहुल उसे नाले में फेंकना चाहता था। जानकी उसे सुखाकर किसी गरीब को देना चाहती थी। इसलिए उसने उस भीगी हुई रजाई को सुखाया। राहुल उसे लेकर पासवाले मुहल्ले में गया। वहाँ एक नाला था। राहुल ने उसे नाले में फेंकना चाहा। तभी एक बुढ़िया उसके पास आई। सर्दी के उस मौसम में उसके पास ठीक कपड़े भी नहीं थे। उसके माँगने पर राहुल ने रजाई उसको दी। उस बुढ़िया की आँखें सजल हो उठीं। उसने राहुल को आशीर्वाद दिया। राहुल ने सोचा – माँ ठीक कहती है, गरीबों को कुछ देने से मन संतुष्ट हो जाता है।

*(रजाई - കമ്പിളി)*

13.1.1 माँ रजाई को सुखाना क्यों चाहता था?

*समय : एक मिनट / स्कोर :* **1**

13.1.2 माँ और राहुल के बीच का संभावित वार्तालाप लिखें।

*समय : दस मिनट / स्कोर :* **4**

13.1.3 उस दिन की घटना का उल्लेख राहुल अपनी डायरी में कैसे लिखेगा? राहुल की डायरी तैयार करें।

*समय : दस मिनट / स्कोर : **4***

13.2 बलिष्ठ व्यक्ति से घूँसा मिलने की घटना का जिक्र बाबूलाल तेली अपनी डायरी में लिखता है। वह डायरी तैयार करें।

*समय : दस मिनट / स्कोर : **4***

## अध्ययन-लक्ष्य

### 14. चिकित्सा के क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचारों से परिचय पाना। पत्र लिखने की क्षमता प्राप्त करना।

14.1 घटनाओं को क्रमबद्ध करके लिखें।

- बाबूलाल तेली लालूराम के अस्पताल पहुँचे।
- लालूराम ने बाबूलाल की नाक को काटा।
- उसके चेहरे का निरीक्षण किया।
- मरहम पट्टी कर दी गई।
- लोकल एनेस्थीसिया दिया।
- 'ठीक' करके अंदर-बाहर से सी दिया।

*समय : तीन मिनट / स्कोर : **3***

14.2 लालूराम के अस्पताल से प्राप्त अनुभव के बारे में बाबूलाल अपने मित्र को पत्र लिखता है। वह पत्र तैयार करें।

*समय : दस मिनट / स्कोर : **4***

14.3 हाथी के साथियों ने भाईचारे की जो प्रवृत्ति दिखाई उसका जिक्र करते हुए मित्र के नाम पत्र तैयार करें।

*समय : दस मिनट / स्कोर : **4***

## अध्ययन-लक्ष्य

### 15. व्यावहारिक जीवन में उपयोगी किसी क्षेत्र के पारिभाषिक शब्दों का परिचय पाना।

15.1 सही मिलान कीजिए।

Registered letter - संगणक कुंजीपटल
Interruption - डाकघर
Post Office - पंजीकृत पत्र
Computer keyboard - रुकावट

*समय : पाँच मिनट / स्कोर : **4***

15.2 सही मिलान कीजिए।

All India Radio - दूरभाष
Stamp - दूरसंचार
Telecommunication - आकाशवाणी
Telephone - डाक टिकट

*समय : पाँच मिनट / स्कोर : **4***

15.3 सही मिलान कीजिए।

Inland letter card - दूरदर्शन
Internet - रुकावट
Television - अंतर्देशीय पत्र कार्ड
Interruption - अंतरजाल

*समय : पाँच मिनट / स्कोर : **4***

## अध्ययन-लक्ष्य

### 16. रेखाचित्र पढ़कर आशय समझना।

16.1 घटनाओं को क्रमबद्ध करके लिखें।

- गौरा का मृत्यु से संघर्ष आरंभ हुआ।
- उसका मुख महादेवी के कंधों पर रखा, वैसे ही वह एकदम पत्थर जैसा भारी हो गया।
- गाय की सुंदर चमकीली आँखें निष्प्रभ हो चलीं।

- गाय उठ नहीं पाती थी।
- शक्ति के लिए इंजक्शन पर इंजक्शन दिए जाते।
- गाय को सेब का रस पिलाया गया।

*समय : पाँच मिनट / स्कोर :* ***3***

## अध्ययन-लक्ष्य

### 17. हिंदी और मलयालम के समध्वनीय शब्दों को पहचानने की क्षमता प्राप्त करना।

17.1 निम्नलिखित खंड पढ़ें और उसमें से हिंदी और मातृभाषा के समध्वनीय शब्दों की सूची बनाएँ और उनका आशय लिखें।

- मित्र ने उत्सव पर जाने के लिए बार-बार बुलाया। पर काम के बीच अवकाश ही नहीं मिला। आज मंदिर के पास के हॉल में गुलाम अली का गज़ल कार्यक्रम है। पत्नी को लेकर ज़रूर जाना है।

*समय : पाँच मिनट / स्कोर :* ***3***

17.2 निम्नलिखित खंड पढ़ें और उसमें से हिंदी और मातृभाषा के समध्वनीय शब्दों की सूची बनाएँ और उनका आशय लिखें।

- अध्यापक का कर्तव्य बच्चों को उचित शिक्षा प्रदान करना है। शिक्षा प्राप्त बच्चे ही देश के योग्य नागरिक बनेंगे। हमारी सारी आशाएँ इन पर है।

*समय : पाँच मिनट / स्कोर :* ***3***